डिजीटल पत्र

# कांग्रेस दर्पण

बिहार

दैनिक

पटना, 27 फरवरी, सोमवार, 2023





## संपादक की कलम से



हमारे कांग्रेस कार्यकर्तागण हम अपने तमाम जिला अध्यक्षों, प्रखंड अध्यक्षों और तमाम कार्यकर्ता से निवेदन करते है कि कांग्रेस दर्पण में अपने जिले और प्रखंड अस्तर की खबर को भेजें जिसे हम प्रमुखता से स्थान देते हैं, यहां कोई भी छोटा और बड़ा नही समझा जाता। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी को एक ताकतवर अध्यक्ष प्राप्त हुआ है और ऐसे में हम कार्यकर्ताओं की जवाबदेही है कि कांग्रेस से जुड़ी हर बात की जानकारी माननीय अध्यक्ष और तमाम कार्यकर्ताओं तक पहुंचाएं। कांग्रेस दर्पण जिसमें एक सशक्त माध्यम है। आज के इस डिजिटल दुनिया में कांग्रेस दर्पण का निर्माण कार्यकर्ताओं को मजबूती प्रदान करने की एक पहल है अकबर इलाहाबादी ने कहा था-



**'ना बम निकालो ना तलवार निकालो जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो'**

-डॉ0 संजय कुमार,
संपादक, कांग्रेस दर्पण सह कॉंग्रेस कार्यकर्ता। संपर्क -8252667278



**सत्य, अहिंसा और प्रेम हमारा कवच हैं। त्याग और बलिदान के मूल्य हमारी प्रेरणा। कांग्रेस विचारधारा के लिए समर्पित कार्यकर्ता हमारी ताकत हैं और जनता के मुद्दों पर संघर्ष हमारा लक्ष्य।**

**भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अधिवेशन, रायपुर, छत्तीसगढ़।**





# अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के 85वें महाअधिवेशन के तीसरे दिन रायपुर की कुछ झलकियां









**राहुल गांधी ---**

**'मोडानी' की सच्चाई निकलने तक नहीं रुकेंगे, देश विरोधी ताक़तों से जमकर लड़ेंगे।**



मैं 1977 में 6 साल का था। मुझे चुनाव के बारे में नहीं पता था। मैंने मां से पूछा कि क्या हुआ ? मां ने कहा कि हम घर छोड़ रहे। तब तक मुझे लगता था कि वह हमारा घर है... मैं इस बात पर हैरान था। 52 साल हो गए, मेरे पास घर नहीं है।

**- Rahul Gandhi**

# भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महाधिवेशन का अंतिम दिन सामाजिक न्याय, किसान, युवा को सशक्त करने के संकल्प से शुरू हुआ

**पटना। कांग्रेस दर्पण**



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महाधिवेश तीसरा दिन सुबह 9:30बजे से शुरू हुआ, मंच पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे, कांग्रेस के प्रेरणा श्रोत श्रीमती सोनिया गांधी, सर्वमान्य नेता श्री राहुल गांधी, राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी के आते देशभर से जुटे सभी डेलीगेट्स ने खड़े होकर भव्य स्वागत किया।

आज सबसे पहले लोकसभा की पूर्व अध्यक्षा,पूर्व केंद्रीय मंत्री मीरा कुमार जी बहुत ही बेहतरीन तथा विस्तृत रूप से सामाजिक न्याय के धरोहर, आत्म अनुसूचित जाति जनजाति, पिछड़े की वास्तविक स्थिति, कांग्रेस द्वारा इनके लिए किए गाए कार्य तथा आगे इनके लिए तैयार कार्य योजना को अमलीजामा पहनाने पर खुल कर चर्चा किया।

देश के अन्नदाता किसान के लिए लाए गए प्रस्ताव को राजस्थान के रेड्डी जी द्वारा विस्तृत रूप से रखा गया जिसका समर्थन महाराष्ट्र के पोटले जी करते हुए कहा की मोदी सरकार भारत के किसानों को आतंकवादी, नक्सलवादी तक को कहने का काम किया , परंतु किसान के लिए लाए गए काले कानून को वापस करने हेतु किसानों का 13 माह के आंदोलन का कांग्रेस पार्टी समर्थन कर इसे वापस कराने का काम किया। कांग्रेस पार्टी किसानों के लिए हमेशा तत्पर होकर काम किया है, किसानों के पैदावार का उचित मूल्य दिलाने, सभी कर्ज माफ करने आदि सभी कार्य को करेगी।

देश के युवाओं के लिए तेज तर्राज युवा सांसद दीपेंद्र हुड्डा द्वारा प्रस्ताव लाते हुए कहा की भारत युवाओं का देश है, लेकिन विगत नौ वर्षों से देश की सत्ता पर काबिज मोदी सरकार जिसने प्रतिवर्ष दो करोड़ रोजगार देने की बात पूरी तरह जुमला साबित हुआ , आज देश में बेरोजगारी चरम पर है , बेरोजगार आत्महत्या करने को मजबूर है , भारतीय सेना में चार वर्ष की कॉन्ट्रैक्ट बहाली की जा रही है।

कांग्रेस पार्टी देश के युवा बेरोजगारों के लिए संसद से सड़क तक संघर्ष चला कर उन्हे रोजगार मुहैया कराने का काम करेगी।

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठ्ठू, पूर्व विधायक मो खान अली, दामोदर गोस्वामी, शिव कुमार चौरसिया, रामाश्रय सिंह, धर्मेंद्र कुमार निराला, मनमोहन शर्मा, राकेश नंदन, हरिनारायण दिवेदी, कन्हैया जी, संजीव शर्मा, प्रेम कुमार, अमरजीत कुमार, अशोक कुमार गुप्ता, प्रेम राय शर्मा, आदि ने बताया की हम कांग्रेस जन रायपुर महाधिवेशन से आगामी लोकसभा चुनाव में बदलाव का मूल मंत्र लेकर जा रहे हैं।




# कांग्रेस तपस्वियों एवं सत्याग्रहियों की पार्टी है : राहुल गांधी

पटना। कांग्रेस दर्पण

आज भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महाधिवेशन के अंतिम दिन विश्व के लोकतंत्र के इकलौता महानायक, भारत के सजग, साहसी, संघर्षशील, जनप्रिय, लोकप्रिय, ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ विपक्ष, कांग्रेस पार्टी के सर्वमान्य नेता राहुल गांधी जी के ओजस्वी भाषण शुरू होते समूचे सभा स्थल पर राहुल, राहुल के नारो से गूंज उठा।

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू ने बताया की श्री राहुल गांधी जी अपने ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा की विस्तृत चर्चा करते हुए कहा की कांग्रेस पार्टी तपस्वियों की पार्टी है, पुजारियों की नहीं, पार्टी के नेता कार्यकर्ता भारत जोड़ो यात्रा के बाद आगे भी देशवासियों के समस्याओं के लिए खून, पसीना बहाने , पैदल चलने के लिए तैयार रहे, हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिका अर्जुन खड़गे साहब संसद से सड़क तक के संघर्ष एवम् तपस्या का कार्यक्रम बनाए।

राहुल गांधी ने कहा की कांग्रेस जिस प्रकार आजादी की लड़ाई ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ लड़ी थी, उसी प्रकार आज अडानी समूह के भ्रष्टाचार , घोटाला के खिलाफ लड़ना होगा, मेरे द्वारा संसद में प्रधानमंत्री जी से उनके अडानी से क्या संबंध है, पूछने पर वो चुप्पी साध गए, जबकि उन्हें एक लाइन का जवाब देनी चाहिए थी की मेरा अडानी से कोई संबंध नहीं है, उल्टे मोदी सरकार अडानी के बचाव में खड़ी



हो गई है। कांग्रेस पार्टी देश की जनता की गाढ़ी कमाई जो एल आई सी, एस बी आई में जमा है उसे बचाने तथा अडानी के घोटाले को उजागर कर के रहेगी।

राहुल गांधी ने कहा की हम कांग्रेस जन सत्याग्रही है, सत्ता ग्राही नहीं , गांधीवादी है, सावरकर वादी नही।

राहुल गांधी अपने भाषण के दौरान अपने छह वर्ष के उम्र की चर्चा करते हुए कहा की 1977 में जब मेरा घर खाली हो रहा था तो मैं अपनी मां से पूछा था की मम्मी ये मेरा अपना घर नही है ? जिसे सुन सभी लोग भावुक हो गए।

## मजबूत कांग्रेस, बुलंद भारत के आगाज के साथ कांग्रेस महाधिवेशन समाप्त हुआ

पटना। कांग्रेस दर्पण

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की तीन दिवसीय महाधिवेशन राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका के मजबूत कांग्रेस, बुलंद भारत के आगाज के साथ समाप्त हुआ।

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू ने बताया की आज महाधिवेशन के अंतिम दिन राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे ने अपने समापन भाषण में कहा की त्याग बलिदान की प्रतिमूर्ति कांग्रेस के प्रेरणा श्रोत श्रीमती सोनिया गांधी, सर्वमान्य नेता श्री राहुल गांधी, राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी कांग्रेस पार्टी के लिए दिन, रात संघर्षशील है, उनके साथ हम सभी देशभर के कांग्रेस पार्टी के नेता कार्यकर्ता उनके अनुभव संघर्ष, संदेश को जन, जन, घर, घर में पहुंचाएंगे।

श्री खड़गे ने कहा की कांग्रेस पार्टी संगठन को बूथ, पंचायत,मंडल, वार्ड, प्रखंड, जिला, प्रदेश, एवम् देश स्तर पर सशक्त बनाने हेतु लगातार सदस्यता



अभियान चलाने, जनसंघर्ष करने एवम् सभी स्थानीय समस्याओं को दूर करने का काम करेगी।

श्री खड़गे जी ने सभी पारित प्रस्तावों पर देशभर से आए डेलीगेट्स को अक्षरशः पालन करते हुए जमीन पर उठाने का भी आह्वान किया।

श्री खड़गे जी ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल, छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ सरकार के सभी मंत्री, नेता, कार्यकर्ता को रायपुर में सफल महाधिवेशन के आयोजन के लिए धन्यवाद भी दिया।

# कांग्रेस को जनता एवं जमीन पर सशक्त बनाने का आहवान : प्रियंका गांधी



पटना। कांग्रेस दर्पण

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के तीन दिवसीय राष्ट्रीय महाधिवेशन के अंतिम दिन देशभर से आए डेलीगेट्स को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी ने कहा की पार्टी को कागज पर नहीं बल्कि जमीन और जनता के बीच सशक्त बनाने की आवश्यकता है।

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी प्रो विजय कुमार मिठू ने बताया की प्रियंका गांधी जी का भाषण पूरी तरह पार्टी संगठन एवम् कार्यकर्ता आधारित रहा जिसमे उन्होंने पार्टी का सच्चा कार्यकर्ता उन्हे बताया जो पार्टी के झंडा को अपने कंधे पर लेकर पार्टी एवम् जनता के लिए दिन, रात काम करता है।

श्रीमती प्रियंका गांधी ने कहा की संगठन कभी कागज पर मजबूत नहीं हो सकती , पार्टी के नेता, कार्यकर्ता गांव, गांव, घर, घर घूम कर आमजन के सुख, दुख में साथ रहे, उनके समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर संघर्ष करे, तभी पार्टी बूथ स्तर तक मजबूत होगी ।

श्रीमती प्रियंका गांधी ने हिमाचल, छतोसगढ़ , राजस्थान सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन राज्यों में पुरानी पेंशन योजना लागू करने से देश में बेहतर संदेश गया है। राजस्थान सरकार ने घरेलू गैस 500 रुपया प्रति सिलिंडर कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

# युवाओं के मन में 'राहुल गांधी जी

## रायपुर अधिवेशन में एक झलक पाने की थी 'बेताबी'!

पटना। कांग्रेस दर्पण

इंजीनियर मोहिउद्दीन खान

कांग्रेस पार्टी के 85वां राष्ट्रीय अधिवेशन में जब दोपहर बाद सोनिया गांधी जी के साथ राहुल गांधी जी पहुंचे तो पलकें थम सी गईं। उनकी एक झलक पाने के लिए कार्यकर्ता बेताब दिखे। सोनिया जी और राहुल जी को देखते ही जैसे कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में असीम ऊर्जा का संचार हो गया। घंटों इंतजार की थकान उनमें छू मंतर हो गई। फिर क्या था, हर ओर राहुल गांधी जिंदाबाद, सोनिया गांधी जिंदाबाद सहित अन्य जोशिले नारेबाजी ह३३ई। वहीं छत्तीसगढ़ की लोक पारंपरिक नृत्य के झंकार। मादर की थाप पर नाचते कलाकार और उन वाद्य यंत्रों की अनुगूंज। पूरा महाधिवेशन का माहौल एक उत्सव में तब्दील नजर आया।ये पल कांग्रेसियों के लिए ही नहीं पूरे छत्तीसगढ़ के लिए एक यादगार होगा।ये भी छत्तीसगढ़ कांग्रेस के लिए ऐतिहासिक पल है।

राहुल गांधी जी का अंदाज भी बिंदास दिखा, युवा हुए फैन

राहुल गांधी जी अपने टी शर्ट के ही लुक में नजर आए। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान जिस लुक में थे, उसी लुक में दिखे। जब भूपेश बघेल और कांग्रेस के बड़े नेता उनका स्वागत कर रहे थे। बड़े ही बिंदास अंदाज में पैंट में हाथ डाले थे। कहने का मतलब एक युवा जैसे ही उनकी स्टाइल लगी। इसे वहां मौजूद युवाओं ने काफी पसंद किया। युवा कार्यकर्ताओं में राहुल के प्रति दीवानगी सिर चढ़कर बोल रही थी। कोई फोटो शूट के फिराक में था, कोई उनके साथ सेल्फी लेने की कोशिश। बहरहाल, सुरक्षा के चलते संभव नहीं हो पाया। लेकिन युवा कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह दिखा।नवा रायपुर से लेकर महाधिवेशन



क्षेत्र में आज करीब 2 लाख से अधिक कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ थी। ऐसे में महाधिवेशन स्थल के आसपास पूरा मेला जैसा माहौल था। राहुल जी और सोनिया गांधी जी का जिधर से काफिला गुजरा वहां कार्यकर्ताओं ने फूलों की बारिश भी की। इसके साथ ही महाधिवेशन में आने वाले अन्य अतिथियों का स्वागत भी बड़ी आत्मीयता से किया गया। उन पर भी फूल बरसाए गए। कार्यकर्ताओं में गजब को जोश और उमंग दिखा। जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए थे। इससे पता चलता है राहुल गांधी जी ने हिंदुस्तान में मोहबात का फूल खिला दिया। अब इग्नोर करना हुआ मुश्किल।



## कांग्रेस का सत्याग्रह, भाजपा के 'सत्ताग्रह' से जीतेगा।

## वो सत्ता के लिए कुछ भी करेंगे, हम सत्य के सहारे लड़ेंगे, और जीतेंगे।



# अडानी से सांठ गांठ के मामले आखिर बीजेपी नेताओं की गिरफ्तारी क्यों नहीं : डॉ. चंद्रिका प्रसाद यादव

## विपक्षी दलों के आवाज को दबाने की केंद्र सरकार रच रही साजिश



**डॉक्टर चंद्रिका प्रसाद यादव**
प्रसिद्ध शिक्षाविद सह सदस्य
पॉलिटिकल अफेयर कमिटी
कांग्रेस पार्टी,बिहार प्रदेश।

पटना।कांग्रेस दर्पण

हिंडन वर्ग की रिपोर्ट और अडानी की कंपनी को विदेशों में घूम घूम कर विदेशी ठेका दिलवाने और उसकी कमीशनखोरी के मामले में आखिर बीजेपी नेताओं की गिरफ्तारी क्यों नहीं। आखिर बीजेपी के साथ गौतम अडानी की क्या डील है?यह भी सार्वजनिक होना चाहिए। केंद्र सरकार का तोता सीबीआई द्वारा विपक्षी दलों के नेताओं की गिरफ्तारी उनकी आवाज को दबाने का केंद्र की मोदी सरकार द्वारा किया गया एक कुत्सित प्रयास है। कांग्रेस पार्टी इसकी कड़ी भर्त्सना करती है। उक्त बातें जाने माने शिक्षाविद् और बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पॉलिटिकल अफेयर कमिटी के सदस्य डॉ चंद्रिका प्रसाद यादव ने कही। उन्होंने कहा कि

दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की सीबीआई द्वारा की गई गिरफ्तारी बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। ये गिरफ्तारी ऐसे समय पर हुई जब दिल्ली सरकार अपना सालाना वित्तीय बजट पेश करने वाली थी। ऐसे समय में उनकी गिरफ्तारी दिल्ली की जनता की आस से गहरा मजाक है।। उन्होंने आशंका जताई कि केंद्र की फासीवादी सरकार 2024 के चुनाव तक अलग अलग राज्यों के विपक्षी नेताओं के साथ इस तरह का कृत्य करते रहेगी।

केंद्र सरकार के ऐसे कृत्य का कांग्रेस पार्टी तीखी भर्त्सना करती है। लोकतंत्र में बदले की भावना से कार्रवाई करना उसकी मर्यादा का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तारी तो भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का होना चाहिए। क्योंकि जिस गौतम अडानी की कंपनी आज कटघरे में खड़ी है। विदेशों में घूम घूम कर भारत के प्रधानमंत्री उसकी कंपनी को विदेशी ठेका दिलवाते फिर रहे हैं। उन्होंने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के बयानों को कोड करते हुए कहा कि आखिर जब सब कुछ पाक साफ है तो फिर हिंदनवर्ग मामले की जेपीसी से जांच कराने में केंद्र सरकार क्यों कोताही बरत रही है। आखिर सरकार अडानी और उसकी कंपनी को क्यों बचा रही है।

वो इसलिए कि बीजेपी के साथ अडानी कंपनी की सांठ गांठ है। श्री यादव ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों से डर गई है। इसलिए डर की वजह से इस प्रकार की कायरतापूर्ण कार्रवाई उनके द्वारा की जा रही है। लेकिन उनकी ऐसी कार्रवाई से हमलोग डरने वाले नहीं हैं। कभी छत्तीसगढ़ तो कभी दिल्ली तो कभी बिहार तो कभी कहीं और। सीबीआई , ईडी और आईटी को सत्ता बचाने के लिए उपयोग करना अत्यंत ही कायराना हरकत है। कांग्रेस पार्टी इसका कड़ा विरोध करती है। आखिर 2024 में उनके सत्ता से बेदखल होने का भय उन्हें इतना सता रहा है कि वो इस प्रकार का कृत्य करने को आतुर हो गए हैं।



रायपुर में कॉंग्रेस के कदावर नेता स्वर्ङ्ग अहमद पटेल जी की बेटी मुमताज़ पटेल जी से मुलाकात हुई।

## गठबंधन जरूरी परंतु मजबूरी नहीं

वर्तमान राजनीति में गठबंधन जरूरी है परंतु कांग्रेस के लिए मजबूरी नहीं है देश के अंदर अगर कोई भी क्षेत्रीय पार्टी गठबंधन के सवाल पर कांग्रेस को कमजोर समझता होगा तो वह उसकी भूल होगी देश के अंदर वर्तमान राजनीति में गठबंधन जरूरी है परंतु कांग्रेस के लिए मजबूरी ना समझने की कोशिश करें आज के दिन में भी अगर कांग्रेस पार्टी का एक एक सिपाही अपने स्वाभिमान व अपने कार्य क्षमता के अनुरूप सच्चे हृदय से पार्टी के लिए काम करें तो आज भी हमारी पार्टी सत्ता वापसी करने में सक्षम है अगर हमारे पार्टी के पदाधिकारी से लेकर आम कार्यकर्ता तक आम लोगों के बीच में जाकर अपने पार्टी के सिद्धांतों को बताने का कार्य करें तो आज के दिन में भी हम वही कांग्रेस देखेंगे जो 90 के पूर्व देखते थे हमारे पास ना तो कार्यकर्ता की कमी है और ना ही आम लोगों के बीच कांग्रेस के प्रति श्रद्धा की कमी है आज के समय में भी कांग्रेस के प्रति गांव देहातों में आम लोगों का रुझान सकारात्मक ही है कांग्रेस देश की सबसे पुरानी पार्टी होने के नाते देश चलाने का अनुभव हमारे पार्टी के सिवा देश के अंदर किसी भी पार्टी मैं क्षमता नहीं है आज जिस तरह से देश के अंदर बेरोजगारी महंगाई चरम सीमा पार कर चुकी है किसानों की हालत बद से बदतर हो चुकी है व्यापारी लोग परेशान हैं यह दिन कांग्रेस राज में ना तो कभी देखने को मिला था और ना ही आगे देखने को मिलेगा कांग्रेस राज का सबसे बड़ा खूबी यही देखने को मिलता रहा है कांग्रेस पार्टी ने देश के लिए जो किया वह किसी पार्टी के अंदर क्षमता नहीं जो करके दिखाएगा



# जहानाबाद जिला कमिटी की बैठक इंटक जिला कार्यालय में आयोजित

पटना।कांग्रेस दर्पण

राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) जहानाबाद जिला अध्यक्ष राजेश कुमार शर्मा कि अध्यक्षता में जहानाबाद जिला कमिटी कि बैठक इंटक जिला कार्यालय प्रेम नगर होरीलगंज जहानाबाद के प्रांगण में आयोजित किया गया राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) बिहार के प्रदेश अध्यक्ष श्री चंद्र प्रकाश सिंह जे के निर्देशानुसार जहानाबाद जिला के 03बी जिलास्तरीय प्रतिनिधि सम्मेलन में कराने का निर्णय लिया गया

बैठक में उपस्थित इंटर के पदाधिकारी एवं कार्य समिति के सदस्यों केसर समिति से यह भी निर्णय लिया गया कि जहानाबाद जिला के भवन निर्माण श्रमिकों को बिहार सरकार श्रम संसाधन विभाग द्वारा गठित बिहार भवन भवन सन्निमाण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत निबंधन कराने एवं उनके उनके लिए संचालित योजना जैसे मातृत्व लाभ विवाह सहायता भवन बरामती औजार करें अनुदान साइकिल अनुदान वार्षिक चिकित्सा सहायता राशि पोशाक की राशि को श्रमिकों तक जहानाबाद जिला में इंटक के नेतृत्व में सदस्यता जागरूकता अभियान चलाकर श्रमिकों तक पहुंचाने का काम करेगी और साथ ही आगामी 27 फरवरी 2023 को जहानाबाद जिला के सभी केंद्रीय ट्रेड यूनियन इंटक एक्टू एटक सीटू यूटीयूसी टियूसीसी के आवाहन पर श्रम अधीक्षक के समक्ष निर्माण मजदूरों को मांगों को लेकर जहानाबाद स्थित रेलवे स्टेशन कैंपस से प्रदर्शन का आयोजन किया गया है अतः जहानाबाद जिला के सभी निबंधित निर्माण श्रमिकों से अपील है कि हजारों हजार की संख्या में इस मजदूर आंदोलन को सफल बनाने में भागीदारी सुनिश्चित करें इस मौके पर मौके पर जहानाबाद सीएलयू जिला कमिटी के जिला महामंत्री सुधीर पासवान, जिला कोषाध्यक्ष कमलेश सिंह, महिला इंटक जिला अध्यक्षा श्रीमती लालसा देबी, महिला इंटक जिला सचिव रिंकू कुमारी,किरन देबी,सुपरेना देसी,नरगीस खातुन जिला इंटक जिला संगठन सचिव शैलेश कुमार अंबेडकर काको प्रखंड अध्यक्ष सुरेश प्रसाद महिला इंटक जिला उपाध्यक्ष पूनम कुमारी इंटक जिला सचिव जगमोहन मिस्त्री इंटक जिला उपाध्यक्ष बृजनंदन उपस्थित थे

# भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अधिवेशन, रायपुर, छत्तीसगढ़











छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 85वें महाधिवेशन के दूसरे दिन पीसीसी सदस्यों के साथ भाग लिया।






















बड़ा फ़ैसला !
अब CWC में होंगे 35 सदस्य जिसमे 50% आरक्षित होंगे
- महिलाएं
- SC/ST
- OBC
- अल्पसंख्यक
- युवा
मेंबरशिप फॉर्म में जोड़ा जाएगा मां या पत्नी का भी नाम
- श्री मल्लिकार्जुन खरगे
कांग्रेस अध्यक्ष










कांग्रेस महाधिवेशन में



भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के 85वां महाधिवेशन में शामिल हुए।



**कांग्रेस पार्टी के 85वां अधिवेशन का आज आखिरी दिन**

सामाजिक ,आर्थिक ,राजनीतिक विषयों के साथ देश के विभिन्न मुद्दों पर हमारे पार्टी के सम्मानित नेता आदरणीय राहुल गांधी जी एवं विभिन्न राज्यों के नेताओं ने अपने विचार रखे और चिंता व्यक्त कि। रायपुर के माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी एवं कांग्रेस पार्टी के सभी सम्मानित नेता एवं कार्यकर्ताओं ने देश से आए कांग्रेस पार्टी के सदस्यों का गर्म जोशी से अभिनंदन एवं स्वागत किया । आदरणीय प्रियंका जी का स्वागत सड़कों पर गुलाब के फूल बरसा कर किए गए। जय हिन्द जय कांग्रेस।।






छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लगभग 18 किलोमीटर के दूरी पर नवा रायपुर में संपन्न भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 85वें अधिवेशन की कुछ झलकियां।




कांग्रेस महाधिवेशन में



कांग्रेस महाधिवेशन में छतीसगढ की राजधानी रायपुर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कौकब कादरी ,कांग्रेस के पूर्वअध्यक्ष एवं विहार विधान परिषद सदस्य मदन मोहन झा ,विहार विधान परिषद सदस्य प्रेमचंद मिश्र ,विधनसभा सदस्य विजय शंकर दुबे , भागलपुर के विधायक एवं विधान सभा में कांग्रेस के नेता अजित शर्मा एवं कांग्रेस के अपने मित्रों के साथ रायपुर छतीसगढ में ।



कांग्रेस पार्टी के महाधिवेशन में पार्टी के सीनियर नेता जनाब तारिक अनवर साहेब से मुलाक़ात।-रजनी कांत पाठक



पूर्णिया(बिहार) में हुई #महागठबंधन की रैली में बिहार कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद Dr Akhilesh Prasad Singh जी के साथ सम्मिलित हुआ। इस दौरान बिहार मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी व उपमुख्यमंत्री श्री Tejashwi Yadav जी से भेंट हुई!

:- अजय कपूर

# राजधानी रायपुर में मैथिल समाज का महासम्मेलन कराने की तैयारी, सीएम भूपेश बघेल की हरी झंडी

- एआईसीसी पिछड़ा वर्ग के संयोजक सुबोध मंडल ने दी जानकारी
- झा निवास पर ढोल नगाड़े से भव्य स्वागत, की गई आतिशबाजी
- हाथ जोड़ो अभियान, दिल्ली के प्रभारी डॉ. मदन मोहन झा ने भिलाई के लोगों की प्रशंसा की





**पटना। कांग्रेस दर्पण**

भिलाई नगर। उद्योगपति एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के.के. झा के विशेष आग्रह पर राजधानी रायपुर में आयोजित कांग्रेस के महा अधिवेशन में भाग लेने पहुंचे 'हाथ जोड़ो अभियान' दिल्ली के संयोजक और बिहार के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व मंत्री डॉ. मदन मोहन झा एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग के संयोजक सुबोध मंडल शनिवार, 24 फरवरी को उनके नेहरू नगर स्थित निवास पर पहुंचे। दोनों पदाधिकारियों का ढोल नगाड़े एवं आतिशबाजी से भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मैथिल समाज सहित औद्योगिक व व्यापार क्षेत्र से जुड़े सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

सर्वप्रथम श्रीमती विभा झा ने दोनों पदाधिकारियों को तिलक लगाकर स्वागत किया। तत्पश्चात उपस्थित लोगों ने पुष्पहार से स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए के.के. झा ने व्यस्ततम कार्यक्रम होने के बावजूद उनके आग्रह को स्वीकार कर आने के लिए दोनों पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम पूरी तरह से पारिवारिक है। डॉ. झा, लंबी राजनीतिक पारी खेल चुके हैं वे काफी अनुभव है,। हमें उनसे राजनीति, व्यापार, उद्योग सहित अन्य क्षेत्रों में बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

अपने उद्बोधन में डॉ. मदन मोहन झा ने कहा कि कांग्रेस के महाधिवएशन में उन्हें महती जिम्मेदारी दी गई है। ऐसे में उनका यहां आ पाना मुश्किल था। बावजूद के.के. झा के प्रेमपूर्वक आग्रह को वे मना नहीं कर सके। आज यहां पहुंचे सभी समाज के लोगों को देखकर प्रसन्नता हो रही है। हर प्रदेश के लोग यहां भिलाई में आकर बसे हैं और अपना काम धंधा शुरू किए हैं यह देख अच्छा लगता है। यह उनकी काबिलियत दर्शाता है।

डॉ. झा ने अपनी पारिवारिक पृष्ठभूमि का जिक्र करते हुए कहा कि उनके पिता डॉ. नागेन्द्र झा 30 - 35 वर्षों तक सांसद विधायक रहे। पिछले 30 वर्षों से विभिन्न पदों पर रहते हुए वे भी बिहार की सेवा कर रहे हैं। बिहार की राजनीति के बारे में उन्होंने कहा कि वहां विपक्ष महागठबंधन की ओर बढ़ रहा है। जल्द ही इसके अच्छे परिणाम सामने आएंगे।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि वे काफी सरल और सहज है। कई बार उन्हें फोन किया तो वह स्वयं फोन उठाते हैं। वह जमीनी रूप से जुड़े नेता हैं। डॉ झा ने उपस्थित लोगों को से कहा कि उनका प्रयास होता है कि लोगों की जितनी मदद की जा सके की जाए। आप लोगों को को भी कहीं जरूरत पड़ती है तो मैं सहयोग करने हमेशा तैयार हूं।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, पिछड़ा वर्ग के संयोजक सुबोध मंडल ने इस अवसर पर मैथिल समाज के लिए एक बहुत महत्वपूर्ण सूचना दी। उन्होंने बताया कि अप्रैल माह में रायपुर में मैथिल समाज का बड़ा सम्मेलन करने की तैयारी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनकी बात हो चुकी है तारीख फाइनल होते ही आप सभी को इसकी जानकारी दी जाएगी। के.के. झा एवं मनीष झा के नेतृत्व में यह सम्मेलन होगा जिसकी तैयारियां चल रही हैं।

तत्पश्चात के.के. झा,विभा झा, निश्चय झा एवं श्रृष्टि झा ने दोनों अतिथियों का शॉल श्रीफल से स्वागत किया एवं उपहार स्वरूप स्मृति चिह्न दिया।

कार्यक्रम में एमएसएमई के उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह खुराना, चरणजीत सिंह खुराना, श्रीभगवान अग्रवाल, व्यास प्रसाद शुक्ला, विवेक झा, नरसिंह कुकरेजा, जे.के. जैन, आर.के. सिंह, विजय अग्रवाल, सुरेश गुप्ता, कांग्रेस नेत्री भुवनेश्वरी देवी, लल्लन तिवारी, मैथिल समाज से नरेंद्र ठाकुर, सदाशिव झा, अनिल सिंह चौहान, मोहन मिश्रा, संजय मिश्रा, मनोज झा, डीएन झा, रणधीर चौधरी, मनोज झा, शिवानंद झा, दशरथ झा, अमित पाठक, राजीव मिश्रा सहित सैकड़ों की संख्या में गणमान्य उपस्थित थे।

# नेत्र जांच शिविर का आयोजन



**पटना। कांग्रेस दर्पण**

दिनांक 26 फरवरी 2023 को बगहा विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जयेश मंगल सिंह उर्फ जय सिंह जी के सौजन्य से नेत्र जांच शिविर का आयोजन गोपालजी डेयरी छोटकी पट्टी परसा मोड़ बडगांव बगहा में किया गया। जय सिंह कांग्रेस महा अधिवेशन राय पुर में होने पर कांग्रेस के कार्यकर्ता और उन की पुरी टीम उन के भाई एस सिंह व नगर कांग्रेस अध्यक्ष तुफैल अहमद शेष चन्द यादव जी के नेतृत्व में सभी लोग उपस्थित रहे नगर अध्यक्ष तुफैल अहमद ने बताया कि 125 मरीजों को देखा गया जिसमें 30 लोगों का मोतियाबिंन मरीज मिले जिनका आपरेशन निशुल्क किया जायेगा जिन्हें 10 मार्च को आपरेशन के लिए जय सिंह परसा मोड़ से छपरा के लिए बस खुलेगा मैके पर कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे शेष चन्द यादव, सुजीत कुमार सोनी, हदया गोंड, इमरान मोमिन, मुख़्तार खान, चन्दा राम,जय प्रकाश यादव, भुनेश्वर मिश्रा, सुभाष प्रसाद,मोहन चौधरी,भुवाल यादव, विश्व नाथ पासवान, किशोर पासवान, मोतिलाल शर्मा जितेन्द्र राम,ध्रप पटेल अवधेश राम, उमेश यादव गायत्री देवी वगैरह उपस्थित रहे,

# कांग्रेस का 85 वॉ अधिवेशन 2024 के चुनाव के लिए होगा बहुत महत्वपूर्ण :- सुन्द्रम

**पटना। कांग्रेस दर्पण**



ऐतिहासिक अतीत और सुनहरे भविष्य की कार्ययोजना क़े साथ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 85 वां रायपुर राष्ट्रीय अधिवेशन नया इतिहास लिखने को तैयार है।1338 निर्वाचित,487 मनोनीत सदस्य, 9915 पीसीसी प्रतिनिधि और 120 भारत जोड़ो यात्री की उपस्थिति और मंतव्य क़े साथ देश क़े दरकते सामाजिक तानेवाने, हिचकोले खाती अर्थव्यवस्था और आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी केंद्रीय सत्ता क़े खिलाफ आदरणीय सोनिया गांधी जी, राहुल गांधी जी और मालिकार्जुन खड़गे जी क़े सन्देश को आत्मसात करते हुए कार्यकर्ताओं और नेताओं के लिए यह अधिवेशन खासा महत्वपूर्ण होने बाला है।

राजनैतिक आर्थिक अंतर्राष्ट्रीयप्रस्ताव

1929 का लाहौर कांग्रेस अधिवेशन जहाँ आजादी हासिल करने की चुनौती क़े बीच हुआ था वहीं आज 95 साल बाद रायपुर महाधिवेशन उस आजादी को बचाये रखने की चुनौती क़े बीच संपन्न हो रहा है, जहाँ सरकार की बदनीयती से क्रोनी कैपिटेलिज्म का प्रेत, केंद्र और राज्य सरकारों क़े बीच हितों का असंतुलन, नागरिक और लोकतांत्रिक अधिकारों पर कुठाराघात आधुनिक और सभ्य राज्य की कल्पना को चुनौती दे रहा है। राहुल गांधीजी की #BharatJodoYatra क़े तौर की गई तपस्या क़े बाद रायपुर का यह दलीय महाकुम्भ वसुधैव कुटुंबकम की परम्परा बाले हिन्दुस्तान को नई दिशा देगा ऐसा हमारा विश्वास है।

छात्र नेता सुन्द्रम पाठक बाजपट्टी विधानसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस